THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

पाठ- 7 रैदास के पद

पद्यांश को पढ़कर पूंछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए –

1)

अब कैसे छूटे राम नाम रट लागी।
प्रभु जी, तुम चंदन हम पानी, जाकी अँग-अँग बास समानी।
प्रभु जी, तुम घन बन हम मोरा, जैसे चितवत चंद चकोरा।
प्रभु जी, तुम दीपक हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती।
प्रभु जी, तुम मोती हम धागा, जैसे सोनहिं मिलत सुहागा।
प्रभु जी, तुम स्वामी हम दासा, ऐसी भक्ति करै रैदासा॥

i. प्रस्तुत पद्यांश में रैदास किसकी भक्ति कर रहे हैं?
(क) श्री कृष्ण
(ख) राम
(ग) प्रेम
(घ) देवी मां
उत्तर: (ख) राम

ii. रैदास ने खुद को पानी तो भगवान को क्या बोला?
(क) बर्फ
(ख) चंदन
(ग) अमृत
(घ) इनमे से कोई नहीं
उत्तर: (ख) चंदन

iii. रैदास ने खुद को मोर तो भगवान को क्या बोला?
(क) बादल
(ख) मोरनी
(ग) बसंत
(घ) इनमे से कोई नहीं
उत्तर: (क) बादल

iv. रैदास ने खुद को चकोर तो भगवान को क्या बोला?
(क) सूरज
(ख) चंद्रमा
(ग) बादल
(घ) बसंत
उत्तर: (ख) चंद्रमा

2)

ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै।
गरीब निवाजु गुसईआ मेरा माथै छत्रु धरै ॥
जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढरै।
नीचहु ऊच करै मेरा गोबिंदु काहू ते न डरै॥
नामदेव कबीरू तिलोचनु सधना सैनु तरे।
कहि रविदासु सुनहु रे संतहु हरिजीउ ते सभै सरै॥

i. प्रस्तुत पद्यांश में रैदास जी ने "गरीब निवाजु" किसको कहा है?
(क) श्री कृष्ण

(ख) राम
(ग) प्रेम
(घ) देवी मां
उत्तर: (क) श्री कृष्ण
ii. रैदास ने खुद को दास तो भगवान को क्या बोला**?**
(क) राजा
(ख) मालिक
(ग) पिता
(घ) बड़ा भाई
उत्तर: (ख) मालिक
iii. रैदास किसकी तरह अपने प्रभु की भक्ति करते हैं**?**
(क) दास
(ख) सेवक
(ग) भिक्षुक
(घ) बेटा
उत्तर: (क) दास
iv. रैदास के अनुसार उनके प्रभु गरीब लोगों पर किस प्रकार की कृपा करते हैं**?**
(क) धन धान्य से समृद्ध कर देते हैं
(ख) उनकी सारी ख्वाहिश पूरी करते हैं
(ग) उनको सद्बुद्धि देते हैं
(घ) उपर्युक्त सभी
उत्तर: (घ) उपर्युक्त सभी